COVID-19

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग,
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर—492002

कमांक एफ 1—2/2020/1—5 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 11/01/2022
प्रति,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
   छत्तीसगढ़ शासन,समस्त विभाग,
   मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
2. समस्त विभागाध्यक्ष,
   नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर (छ.ग.)

विषयः— मंत्रालय एवं समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालयों के संचालन (**Work From Home**) के विषय में निर्देश।
संदर्भः— विभागीय समसंख्यक पत्र दिनांक 10/01/2022.

—00—

छत्तीसगढ़ राज्य में कोविड—19 के तेजी से बढ़ रहे संक्रमण के नियंत्रण हेतु राज्य शासन द्वारा मंत्रालय एवं समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालयों में शासकीय कार्य संचालन हेतु निम्नानुसार कार्यवाही संपादन हेतु निर्णय लिया गया हैः—

2/ वर्तमान में कोरोना के फैलाव की स्थिति को देखते हुए कोविड—19 से संबंधित असुविधा होने पर भारसाधक सचिव एवं विभागाध्यक्ष अपने निवास से **Work From Home** से कार्य कर सकेंगे ।

3/ जिन कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं है वे कर्मचारी **Work From Home** कार्य कर सकेंगे। साथ ही ऐसे अधिकारी जिन्हे कोविड—19 से संबंधित ऐसी कोई असुविधा हो जिससे वे कार्यालय आने मे असमर्थ हो तो वे भी **Work From Home** कर सकेगें। अतएव अपने विभाग के तात्कालिक महत्व के नस्तीयों को पृथक कर लेवें, जिससे समय—सीमा के भीतर कार्यवाही किया जा सके।

सभी अधिकारी/कर्मचारी बिना पूर्वानुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे और मोबाईल के माध्यम से हमेशा संबंधित अधिकारियों से संपर्क में रहेंगे। चूंकि आवश्यकता पड़ने पर मंत्रालय/संचालनालय में भी कार्य निष्पादन हेतु बुलाया जा सकेगा। समस्त भारसाधक सचिव से अनुरोध है कि इस संबंध में अपने विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत करावें, जिससे महत्वपूर्ण कार्य बाधित न हो।

11/01/22
(संजय अग्रवाल)
संयुक्त सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

निरंतर............

Scanned with CamScanner

पृ0क. एफ 1–2/2020/1–5 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 11/01/2022
प्रतिलिपिः–

1. अपर मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय, नवा रायपुर (छ.ग.)
2. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, छ.ग. शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नवा रायपुर (छ.ग.)
3. अवर सचिव, छ.ग. शासन, साप्रवि (अधीक्षण), मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
4. मुख्य सुरक्षा अधिकारी, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

11/01/22

संयुक्त सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

Scanned with CamScanner